चूरू की मुख्य सड़कों पर लगे हैं गंदगी के ढेर, मंदिर-देवालयों के पास भी नहीं हुई सफाई

चूरू, (कासं)। चूरू नगरपरिषद ने गणगौर पर्व पर शहरवासियों को गंदगी का बहुत बड़ा तोहफा दिया है। यहां मुख्य सड़कों पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। मंदिर और देवालयों के पास भी साफ-सफाई नहीं हुई है। ऐसे में आमजन को बहुत परेशानी हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नम्बर 16 में खुद सभापति पायल सैनी के मौहल्ले में स्थित राजकीय लक्ष्मी देवी शारदा विद्यालय के सामने मुख्य सड़क पर भंयकर रूप से गंदगी फैली हुई है। यहां निकट ही गणेशजी महाराज का मंदिर भी है। नेचर पार्क भी पास ही है। यहां से नगरपरिषद भी कोई ज्यादा दूर नहीं है। पार्षद द्वारा इस गंदगी के ढेर को रोजाना देखा जाता है। उसके बाद भी समस्या दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। इस मार्ग से नेचर पार्क, राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल, दूरसंचार विभाग, मुख्य डाकघर, टाऊन हॉल और नगरपरिषद में जाने वालों को काफी दिक्कत हो रही है। बार-बार अवगत करवा देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नगरपरिषद के अधिकारियों के कानों पर तो जूं तक नहीं रैंग रही है। जिला प्रशासन भी स्वच्छता के कोरे गीत ही गाता हुआ नजर आ रहा है। वास्तव में तो गंदगी के कारण शहर की स्थिति बहुत ही दयनीय बनी हुई है।

चूरू में राजकीय विद्यालय एवं देवालय के निकट मुख्य सड़क पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।

यहां स्वच्छ भारत अभियान सिर्फ कागजी बनकर रह गया है। बड़े-बड़े झाड़ू लेकर सड़कों पर फोटो खिंचवाने वाले आजकल कहीं भी नजर नहीं आ रहे हैं। खुद उनके आसपास की गलियों में भी कचरे के ढेर लगे हुए देखे जा सकते हैं। यहां लोगों ने कहा कि कलैक्टर सिद्धार्थ सिहाग निरीक्षण करने के लिए रतननगर तो चले जाते हैं परन्तु जिला मुख्यालय पर एकत्रित गंदगी हटवाने की कोई सुध नहीं ले रहे हैं।

■ चूरू नगरपरिषद ने गणगौर पर्व पर दिया गंदगी का तोहफा

लोगों ने कहा कि कलैक्टर सिहाग एक बार शारदा स्कूल के पास आकर भी निरीक्षण करें ताकि उन्हें वास्तविकता का पता चल सके। आज के दिन शहर की हालत देखकर हर कोई कह रहा है कि चूरू का कोई धणी-धोरी नहीं है। सब अपनी रोटियां सेकने में लगे हुए हैं। यहां रेलवे स्टेशन के आगे, नगरश्री के पास, सर्किट हाऊस के आगे, नगरपरिषद के पिछले दरवाजे के आगे, नई सड़क, धर्मस्तूप के पास सहित विभिन्न वार्डों में भारी मात्रा में कचरा जमा हो गया है। नालियों की सफाई हुए तो वर्षों गुजर चुके हैं।

सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रदर्शन

सुजानगढ़ जयपुर में आरयु के बाहर प्रदर्शन करते सुजलावासी।

सुजानगढ़, (निसं)। सुजला जिला बनाने की मांग के समर्थन में जयपुर में रहने वाले सुजला क्षेत्र के लोगों ने राजस्थान विश्वविद्यालय के द्वार पर प्रदर्शन किया तथा सुजानगढ नागरिक तहसील समिति ने मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन दिया।

सुजला नागरिक परिषद एवं आपणों सुजला संस्थान के द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए परिषद के संयोजक शिवशंकर शर्मा ने जयपुर एवं दिल्ली में सुजला वासियों द्वारा किए जा रहे आन्दोलन के बारे में जानकारी देते राजस्थान सरकार से सुजानगढ या सुजला को जिला बनाने की मांग की। तपन जैन ने सरकार से जल्द से जल्द सुजला जिला बनाने की मांग की। विश्वविद्यालय पर किए गए प्रदर्शन में विनीत अग्रवाल, राजकुमार मालानी, नीरज बोचीवाल, रमन गुलेरिया, हेमंत पुजारी, कमल चौधरी, धीरज शर्मा, अनिल चौधरी, रोहित गोयल, अजीत पारीक, महेंद्र फुलफगर सहित अनेक सुजलावासी शामिल थे। सुजानगढ तहसील नागरिक सीमित के अध्यक्ष हुसैन खान, सचिव महेश मूंधडा, राजेन्द्र ढाका, तपन जैन एवं छापर नागरिक सेवा समिति के हरीश तापडिया, प्रदीप तापडिया, रामोतार शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन सौंप कर सुजला जिला बनाने की मांग की।

■ मुख्यमंत्री आवास पर ज्ञापन दिया

सांसद सी.पी. जोशी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर ब्राह्मण समाज ने मिठाइयां बांटी

झुंझुनूं, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर झुंझुनूं ब्राह्मण समाज द्वारा जोशी गट्टे पर आतिशबाजी कर मिठाइयां वितरित की व भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया।

सर्व ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा, समाज के प्रदेश मंत्री उमाशंकर महमियां व चंद्रप्रकाश जोशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों द्वारा सांसद सीपी जोशी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर आतिशबाजी की। एक दूसरे को बधाई देते हुए मिठाईयां खिलाई तथा भगवान परशुराम के जयकारे के साथ सीपी जोशी जिंदाबाद के नारे भी लगाए। इस मौके पर बोलते हुए जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने कहा कि गत दिनों जयपुर में आहुत हुई ब्राह्मण महापंचायत के बाद समाज के एक बेदाग व्यक्तित्व भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी को भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपना समाज के लिए गर्व का विषय है। समाज के प्रदेश मंत्री उमाशंकर महमिया ने कहा कि बड़े दिनों के बाद एक बार फिर से ब्राह्मण समाज को नेतृत्व करने का मौका है। इससे प्रदेश भर में ब्राह्मण समाज को बल मिलेगा। ब्राह्मण समाज सदैव सर्व समाज को साथ में लेकर चलने का कार्य करता रहा है। सीपी जोशी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर प्रदेश के सर्व समाज में ख़ुशी की लहर दौड़ी है।

सीपी जोशी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पटाखे छोड़ और भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व का जताया आभार।

इस मौके पर अमृतलाल जोशी, अशोक जोशी, हरिकिशन शुक्ला, गोपाल सहल, डब्ल्यू सुरोलिया, सौरभ जोशी, भरत शर्मा, राजकुमार पुजारी, रतन जोशी, अनिल जोशी, राकेश सहल, पार्षद चंद्रप्रकाश शुक्ला, ललित जोशी, विकास पुरोहित, रामचंद्र जोशी, लीलाधर पुरोहित, दीपक जोशी, विनोद जोशी, अविनाश पुरोहित, महेंद्र जोशी, नीरज शर्मा, मुकेश शर्मा बुडाना, गोपी पुरोहित, कुंदन जोशी, अंकित जोशी, सत्यनारायण जोशी, गोपी कांत झा सहित समाज के गणमान्य लोगों के अलावा भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान, मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, नितिन नारनौली, बबलू जोशी, ज्योति प्रकाश पांडे, पार्षद विजय कुमार सैनी, संदीप सोनी, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सीए लोकेश अग्रवाल, सुमेर कड़वासरा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राजस्थान पेंशनर समाज का अधिवेशन

चिड़ावा, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज की चिड़ावा उपशाखा का वार्षिक अधिवेशन चौधरी कॉलोनी स्थित सामुदायिक विकास भवन में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जेपी चंदेलिया ने कहा की सरकार पेंशनरों की समस्याओं को लेकर काफी गंभीर है और पेंशनरों की सभी समस्याओं का निराकरण करने में जुटी है। इस दौरान उपशाखा अध्यक्ष हरनाथ सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पेंशनर समाज उपशाखा के लिए भवन आवंटित करने की मांग रखी। जिस पर विधायक ने जल्द जमीन आवंटन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पेंशनर समाज जिलाध्यक्ष नेमीचंद पूनिया ने पेंशनरों को आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान एटीओ कमलेश मिश्रा ने जीवित प्रमाण पत्र जमा करवाने बाबत जानकारी दी। इस दौरान 1948 के बाद के जन्म के पेंशनरों का सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि चंद्रप्रकाश धूपिया, कुरडाराम ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर चंद्रभान, रूपचंद, धर्मपाल, बनवारी लाल, अशोक, उम्मेद सिंह, अमीलाल, किशोरीलाल, गुरुदयाल सिंह, कन्हैयालाल, दीन मोहम्मद, ओमप्रकाश, गोकुलचंद, बंशीधर, बीरबलराम, बालूराम, हरदयाल सिंह, विजयपाल, विनोद, संतकूमार भांबू सहित काफी संख्या में पेंशनर समाज के लोग मौजूद रहे।

श्री मदन मोहन बाघदास मंदिर के पुजारी महावीर शास्त्री की हत्या का मामला दर्ज

सादुलपुर, (निसं)। शहर के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं प्राचीन श्री मदन मोहन बाघदास मंदिर के पुजारी महावीर प्रसाद शास्त्री की मौत एवं उनके पुत्र श्रीकांन्त के घायल होने के बाद देर रात्रि को राजगढ थाने में षडयत्र पूर्वक पुजा पाठ से नुकसान होने की बात की रंजिश की रंजिश को लेकर हत्या, हत्या के प्रयास का मामला राजगढ थाने में दर्ज करवाया गया है। वहीं घटना को लेकर एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है तथा घटना में डीआई जीप भी पलटा खाये हुए सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

■ मृतक के साले ने हत्या के प्रयास के आरोप का मामला दर्ज करवाया

मृतक के पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। राजगढ थाने में दर्ज प्रकरण में जगदीश प्रसाद पुत्र नन्दलाल निवासी वार्ड नम्बर 6 कस्बा राजगढ ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 22 मार्च को दोपहर 2 बजे उसका बहनोई महावीर शास्त्री व भान्जा श्रीकान्त अपनी मारूती वैन से अमरपुरा के राजगढ आ रहे थे, चूरू रोड पर डीवाईएसपी ऑफिस के पास विक्रम सिंह निवासी लाखलाण, जो उनसे पुजा पाठ से नुकसान होने की बात को लेकर एक डेढ वर्ष साल से रंजिश पाले हुए था, ने अपनी डीआई जीप लेकर साथ में कुल्हाडी लेकर इंतजार में खडा था। आरोप है कि जिसने उसके भान्जे व बहनोई को जान से मारने की लिए पहले अपनी डीआई जीप से वैन को टक्कर मारी, जिससे वैन कच्चे में चली गई तथा फिर से उसके भान्जे के सिर में कुल्हाडी मारी तथा उसके बहनोई के साथ भी उन्हे वैन से निकालकर कुल्हाडी व पत्थर से मारा तथा जमीन पर पटक कर अपनी डीआई जीप उन पर चढा दी व जान से मार दिया। जिससे उसके बहनोई महावीर शास्त्री की मौके पर ही मौत हो गई।



पोस्टमार्टम कार्यवाही के दौरान राजगढ़ सीएचसी मोर्चरी रूम में आगे एकत्रित पुलिस और गणमान्य लोग।

साथ ही बताया कि मौके पर पुलिस पार्टी उनको सीएचसी राजगढ लेकर आई, जहाँ श्रीकान्त को चोटे ज्यादा होने के कारण उसे हिसार रैफर कर दिया जो अभी सपरा हॉस्पीटल में उपचाराधीन है। दर्ज मामले में जगदीश प्रसाद का आरोप है कि करीबन एक डेढ महिने पहले भी आरोपी विक्रम ने उनको घर पर जाकर व सिद्धमुख रोड पर गाडी लगाकर जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है लगाया गया है कि इस घटना में षडयत्र में विक्रम के साथ सूचना देने में व षडयत्र में ओर लोग भी शामिल हो सकते हैं तथा उसके बहनोई की निमर्म हत्या की गई है।

देशी पिस्टल जब्त, दो गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। हमीरवास थाना पुलिस ने अवैध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत दो अलग-अलग कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को दो 315 बोर अवैध देशी पिस्टलों के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर, रैंज बीकानेर एवं पुलिस अधीक्षक चूरू के निर्देशन में एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ व वृताधिकारी राजगढ के निकट सुपरविजन में 23 मार्च को गस्त के दौरान थानाधिकारी राधेश्याम उपनिरीक्षक पुलिस थाना हमीरवास मय जाब्ता द्वारा आरोपी संजय कुमार पुत्र विद्याधर ब्राहम्ण निवासी भोजाण तथा रणधीर सिंह उर्फ रणवीर सिंह पुत्र भरतसिंह जाति जाट निवासी बेवड पुलिस थाना हमीरवास तहसील राजगढ जिला चूरू के कब्जा से दो देशी कट्टा 315 बोर बरामद किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस थाना हमीरवास में आर्म्स एकट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है। थानाधिकारी राधेश्याम उपनिरीक्षक ने बताया कि प्रकरण का अनुसंधान सत्यनारायण उपनिरीक्षक तथा दूसरे प्रकरण में राधेश्याम उपनिरीक्षक पुलिस थाना द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है, तथा आरोपियों से अवैध हथियार के संबन्ध में पुछताछ जारी है। कार्यवाही में विजय पाल कास्टेबल की विशेष भूमिका रही।

बीदासर में जारी धरना समाप्त किया

बीदासर, (निसं)। सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग पूरी नहीं होने पर जनहित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले गत पांच दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन बुधवार को तीन युवको के जिले की मांग को लेकर जलदाय विभाग की टंकी पर चढ़ जाने के बाद समाप्त कर दिया गया और पाँच दिनों से चल रहे चक्का जाम को बन्द कर स्टेट हाइवे और अन्य मार्गों को खोल दिया जिससे वाहन चालको ने राहत की सांस ली। वही धरना प्रदर्शन व जाम हट जाने से पुलिस और प्रशासन ने भी राहत मिली। उल्लेखनीय है कि गत पाँच दिनो से सीकर नोख स्टेट हाईवे पर जनहित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले चल रहे चक्का जाम खुल जाने से वाहनों का आवागमन फिर शुरू हो गया है। वही सड़को पर पाँच दिनो से वाहन के लगे जाम भी खुल गया तथा इस मार्ग पर गुरूवार को नियमित बसों का आवागमन फिर सुचारु हो जाने से भी यात्रियों को भी राहत की सांस मिली है।

किसान सभा ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व बीमा कंपनी का पुतला फूंका

तारानगर, (निसं)। अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी के आव्हान पर किसान साथियों ने 18 जुलाई चक्काजाम समझौता लागु करवाने, चौधरी कुंभाराम आर्य लिफ्ट कैनाल का कुल रकबा 2.40 लाख हैक्टेयर रकबा जोड़कर नहर का निर्माण कार्य पुरा करवाने, किसानों का सम्पूर्ण कर्जा माफ कर किसानों की कुर्की पर रोक लगाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश कमेटी सदस्य कॉ निर्मल कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व बीमा कंपनी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

पुतला दहन करते अखिल किसान सभा के सदस्य।

इस अवसर पर जिला मंत्री कॉ उमराव सिंह सहारण, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, किशन शर्मा, प्रमोद बैनिवाल, प्रमोदसिंह राठौड़, मोहम्मद सलीम, भोजराज महला, पवन शर्मा, बीरबलराम पूनियां, फिरोज खान सहित किसान साथी मौजुद रहे वहीं तारानगर तहसील के कालवास, धीरवास छोटा, धीरवास बड़ा, मिखाला, चंगोई, बांय, भनीण, साहवा, बनियाला सहित काफी गांवों में पुतला दहन किया गया।

शिविर में 101 यूनिट रक्तदान

सादुलपुर, (निसं)। शहीदों की याद में शहीद दिवस पर समस्त युवा शक्ति पीएचसी धानोठी बडी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि अनिता पूनिया सरला पाठशाला चिडावा, विशिष्ट अतिथि डॉ. पूनम एमओ पीएचसी धानोठी बडी आदि थे। इस अवसर पर सरपंच मसूदी राम पूनिया, चिरंजीलाल ठोलीया, भगवानाराम पूनिया, आशाराम पूनिया, सुनीता निमल, मनोज कुमार सोनी, शहनाज अहमद आदि उपस्थित थे। वहीं चूरू भरतीया हॉस्पिटल के डॉ. जुबेर चिकित्सा अधिकारी, सुभाष राजपुरोहित टीए, सीमा नर्सिंग ऑफिसर, सुनीता इंदोरिया, शाहरुख खान, भागीरथ, महमूद अली, विनोद डाबी की टीम ने रक्त संग्रह किया। शिविर में 101 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वहीं समस्त युवा शक्ति टीम ने अतिथियों एवम रक्तदान दाताओं का आभार व्यक्त किया।

राजस्थान के सभी मदरसों पर लहराएगा राष्ट्रीय ध्वज: चोपदार

झुंझुनूं, (निसं)। प्रदेश के सभी मदरसों में आने वाले दिनों में राष्ट्रीय ध्वज लहराएगा। इसके लिए राजस्थान मदरसा बोर्ड ने तैयारियां शुरू कर दी है। पांच दिन की यात्रा पर झुंझुनूं आए राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि मदरसों में पढने वाले बच्चों के मन में बचपन से ही देश के प्रति प्यार, सम्मान और जज्बा पैदा हो। इसके लिए यह काम किया जा रहा है। इसके अलावा 100 मदरसों को पहले चरण में मॉडल मदरसे बनाने के अलावा आठवीं तक के मदरसों को 12वीं तक क्रमोन्नत करने की योजना भी चल रही है। साथ ही साथ शिक्षा विभाग की तर्ज पर मदरसों का शिविरा पंचांग कैलेंडर बनाने पर भी विशेषज्ञों द्वारा काम किया जा रहा है।

झुंझुनूं के दरगाह कमरूद्दीन शाह स्थित मदरसा कमरूल उलूम में जिला अनुदेशक संघ की ओर से एमडी चोपदार का अभिनंदन किया गया।

इससे पहले झुंझुनूं के दरगाह कमरूद्दीन शाह स्थित मदरसा कमरूल उलूम में जिला अनुदेशक संघ की ओर से एमडी चोपदार का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर चोपदार ने बताया कि 10 सालों से मानदेय बढाने तथा नियमित करने की मांग पैराटीचर्स की चल रही थी। जिसके तहत इस बार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ना केवल पैराटीचर्स का मानदेय बढाया है। बल्कि इन्हें शिक्षा अनुदेशक के नाम से जाना जाएगा। यह निर्णय लिया है। यही नहीं रिक्त 6800 पदों पर नए शिक्षा अनुदेशक भर्ती करने तथा शिक्षा विभाग की स्कूलों की तर्ज पर मदरसों के बच्चों को भी दो-दो ड्रेस देने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णयों से अनुदेशकों में खुशी है।

एक बार फिर पूर्व सैनिक आंदोलन की राह पर, 3 अप्रेल को बड़ी रैली होगी

झुंझुनूं, (निसं)। वन रैंक वन पेंशन में व्याप्त विसंगतियों को एक लंबा समय बीत जाने के बाद भी केंद्र सरकार द्वारा दूर ना किए जाने से नाराज पूर्व सैनिक एक बार फिर आंदोलन की राह पर है। इस मामले को लेकर दिल्ली में पिछले कुछ महीनों से आंदोलन चल रहा है।

इसी आंदोलन के समर्थन में तीन अप्रेल को झुंझुनूं में पूर्व सैनिक रैली निकालकर प्रदर्शन करेंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर गुरूवार को झुझारसिंह पार्क में पूर्व सैनिकों की बैठक एक्स सर्विसमैन लीग के अध्यक्ष कैप्टन ताराचंद नूनियां की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रस्तावित आंदोलन को सफल बनाने के लिए एक समिति बनाई गई और तय किया गया कि तीन अप्रेल को झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित प्रदर्शन के लिए गांव-गांव ढाणी-ढाणी जाकर सैनिक, पूर्व सैनिक व उनके परिवारों से संपर्क किया जाएगा।

आंदोलन की तैयारियों को लेकर पूर्व सैनिकों ने बैठक की।

इस मौके पर गठित की गई समिति का अध्यक्ष शीशराम डांगी, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद रोहिल्ला, सचिव राजेश जानूं, कोषाध्यक्ष दिनेश कुलहरि को बनाया गया। इसके अलावा बैठक में कैप्टन अमरचंद खेदड़, कैप्टन रामनिवास नेतड़, सूबेदार लीलाधर, सूबेदार रामनिवास थाकन अध्यक्ष चिड़ावा ब्लॉक, सूबेदार सरपंच महावीर खुडाना, कप्तान रामस्वरूप, कप्तान देवाराम बारी, हवलदार राजेंद्र सिंह, सूबेदार रतन सिंह तंवर, कैप्टन मोहनलाल, कैप्टन विद्याधर सिंह ढाका खेतड़ी ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह चाहर, सूबेदार पोकर मल बामिल, हवलदार सत्येंद्र, हवलदार रतिराम, कैप्टन मोहम्मद सदीक खान, कैप्टन भागीरथ मल, सूबेदार मेजर रतन सिंह, कैप्टन भंवर सिंह, हवलदार बचन सिंह, मुकेश कुमार, महिपाल सिंह, कैप्टन रोहिताश, सूबेदार बनवारी लाल और सभी गौरव सेनानी उपस्थित रहे।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने आपणी पाठशाला के भवन की आधारशिला रखी

चूरू, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने आज देपालसर मार्ग पर आपणी पाठशाला के नए भवन की आधारशिला रखी। आपणी पाठशाला के भवन शिलान्यास समारोह में बतौर अतिथि आए उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने विधायक कोटे से 11 लाख रुपए भवन निर्माण में लगाने की घोषणा की।

राठौड़ ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज शहीदों की शहादत को नमन करने का दिवस है। भारत को गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए बड़ी कुर्बानियां देनी पड़ी। राठौड़ ने कहा कि अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और रामप्रसाद बिसम्मल जैसे अनेक जवानों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने मां भारती का जयघोष करते हुए फांसी के फंदे को गले लगा लिया। उन्होंने अमर शहीदों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि आपणी पाठशाला की स्थापना कर कर्मवीर बने धर्मवीर ने मानवता की सेवा का एक ऐसा अभिनव अनुष्ठान किया जो आने वाले कल के लिए वरदान बनेगा। उन्होंने भवन निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने पुरुषार्थ से अर्जित धन को शिक्षा के लिए दान कर यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के सपनों को साकार किया है। उन्होंने कहा यह एक महायज्ञ है जिसमें जब भी उनकी आवश्यकता पड़ेगी तो वे आहुतियां देने को तैयार रहेंगे।



राजस्थान विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने चूरू में देपालसर रोड पर आपणी पाठशाला के भवन का शिलान्यास किया।

उत्कर्ष संस्थान के संचालक निर्मल गहलोत ने पठाशाला भवन निर्माण के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा की। समारोह में पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, श्रवण रेवाड़, धनपत गोदारा, प्रो. एच आर ईशराण, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक कुमार अजय, मुकेश पंचोली, रवि सुथार कोमेडियन, श्रवण गडाणा, नरेन्द्र भारतीय, शैतानसिंह कविया, अंजू नेहरा, आशुतोष शर्मा, रैणुका सौलंकी, अभिलाषा रणवां, उम्मेदसिंह जाखड़, एडवोकेट गोवर्धनसिंह आदि प्रतिनिधियों ने भागीदारी दी। आपणी पाठशाला के मुखिया धर्मवीर जाखड़ ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। यहां साहवा की सुभाष शिक्षण संस्थान के निदेशक गुरुदत ढ़ाका ने पांच लाख रुपए का सहयोग किया। उत्कर्ष क्लासेज जोधपुर के कुमार गौरव ने एक लाख रुपए, सूरत प्रवासी समाजसेवी पुसाराम गोदारा ने 2 लाख 51 हजार रुपए का सहयोग किया। मनसुख सेवा स्मृति संस्थान की दुर्गादेवी ने विद्यालय परिसर को हराभरा करने का बीड़ा उठाया और इसके लिए आर्थिक सहयोग किया। एनआई दुबई जगदीश सिंह ने साढ़े पांच लाख, नथुराम बिजारिया ने दो लाख ग्यारह हजार, सूरज जाट समाज के अध्यक्ष मालाराम खोजा ने दो लाख इक्कावन हजार, ग्रीन गार्डन निर्माण के लिए अभिलाषा रणवां ने एक लाख रुपए, श्रवण रेवाड़ ने एक लाख इक्कावन हजार, हीरालाल गोदारा ने एक लाख रुपए, विजयराज बुडानिया ने दो बैग सीमेन्ट तथा मुकेश पंचोली ने ग्यारह हजार रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा की।

■ राठौड़ ने कहा कि मानवता की सेवा ही बनती है आने वाले कल के लिए वरदान